अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ. में संभाग–I एवं संभाग–III में दिनांक 13 जनवरी, 2018 को लोहड़ी पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की उपस्थिति में लोहड़ी पूजन के पश्चात् लोहड़ी प्रज्जवलन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व उल्लास एवं खुशी का है। हम सभी को परस्पर सद्भावना रखते हुए मानवतावाद को अपनाना चाहिए। सौहार्दयता से ही समस्त कार्य सफल होते हैं। इन त्योहारों की सार्थकता तभी होगी जब हम इनसे सीख लेकर अपने जीवन में अपनाएँ और अपने समाज को स्वस्थ एवं सुसंकृत बनाँए क्योंकि किसी देश का भविष्य वहाँ के नागरिकों पर ही निर्भर करता है।

संभाग–I की कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती किरण आनन्द एवं संभाग–III की डॉ. शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम हुए। श्रीमती कमल टंडन, डॉ. गीता गुप्ता, सुश्री सुप्रिया ढाँड़ा, डॉ. उषा चौधरी, डॉ. रेणु माहेश्वरी, डॉ. रेखा सेन इत्यादी के सहयोग से यह लोहड़ी पर्व मनाया गया। विद्यार्थियों में पूर्ण जोश व उत्साह था। उन्होंने एक–दूसरे को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए नृत्य आदि के साथ यह त्योहार धूमधाम से मनाया।